## एक नजर में

### श्रीमती गंगा बाई चंद्रवंशी का निधन



**पडाना 14 सितम्बर, सं.** समीप ग्राम गुलावता के राम प्रसाद वकील की धर्मपत्नी श्रीमती गंगाबाई चंद्रवंशी का लगभग 60 वर्ष की उम्र में रविवार सुबह निधन हो गया. निधन की खबर मिलते ही परिजनों पड़ोसियों एवं समाज जनों में शोक की लहर छा गई शव यात्रा निज निवास से धामंदा रोड स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम ले जाया गया. चिता को मुखग्रि उनके पुत्र डॉ दुर्गेश चंद्रवंशी मांगीलाल चंद्रवंशी शंकर लाल ने मुखाग्नि दी.

### आतंकवाद के विरोध में नगर बंद आज

**ब्यावरा 14 सितंबर, का.** आतंकवाद के विरोध में सकल हिन्दू समाज द्वारा आज नगर बंद का आव्हान करते हुए आक्रोश रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा जाएगा. जानकारी के अनुसार नगर में एक युवक के आतंकवादी संगठन से तार जुड़े होने का मामला सामने आने पर देश विरोधी तत्वों एवं इनका समर्थन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाई की मांग को लेकर नगर बंद एवं आक्रोश रैली का आयोजन रखा गया है. व्यापारी बंधुओं से आज अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान दोपहर 2 बजे तक बंद रखने का आग्रह करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध आक्रोश रैली में शामिल होने का आव्हान किया गया है. आज दोपहर 1 बजे माँ वैष्णोदेवी मंदिर से रैली प्रारंभ होकर सुभाष चौक होते हुए पीपल चौराहा पहुंचेगी जहां ज्ञापन सौंपा जाएगा.

### 4 घंटे बंद रहेगी बिजली

**ब्यावरा 14 सितंबर, का.** बिजली व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने, लोड एवं आये दिन होने वाली फाल्ट की समस्या को दूर करने नगर में चल रहे आरडीएसएस योजना के कार्य के तहत आज नवीन ट्रांसफार्मर लगाए जाना है इसको लेकर 4 घंटे नगर में बिजली सप्लाई बंद रहेगी. एई अजीत भुमरकर के अनुसार आरडीएसएस योजनांतर्गत नगर में नवीन विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य ठेकेदार के द्वारा किया जाना है इसके चलते आज प्रातः 6 से प्रातः 10 बजे तक सिटी फीडर के तहत विद्युत सप्लाई बंद रहेगी.

### लापता युवक का शव पेड़ से लटका मिला

**सुठालिया 14 सितंबर, सं** सुठालिया थानांतर्गत ग्राम उमरेड निवासी तीन दिन से लापता युवक का शव रविवार को संदिग्ध अवस्था में खेत पर मौजूद पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला. युवक की मौत से गांव में गहरा शोक छा गया. पुलिस के अनुसार ग्राम उमरेड निवासी युवक अजय लोधा तीन दिन से लापता था. परिजन द्वारा पुलिस में गुमशुदगी दर्ज करा दी गई थी. जानकारी के अनुसार परिजन द्वारा हत्या किए जाने की आशंका जताई है. पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है.

### इंदौर पब्लिक स्कूल के छात्र का सुयश



**ब्यावरा 14 सितंबर, का.** इंदौर पब्लिक स्कूल के कक्षा 9 वीं के छात्र ग्राम नयापुरा निवासी विशाल दांगी का विदिशा में आयोजित संभाग स्तरीय थांगता मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है. नवंबर माह में दतिया में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छात्र प्रतिनिधित्व करेंगा. छात्र की इस सफलता पर विद्यालय संचालक हरिओम दांगी, प्राचार्य चेनसिंह जाटव ने बधाई दी है.

# उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा राशन

## सोसायटी सेल्समैन, सहायक प्रबंधक, ऑपरेटर हड़ताल पर

### हड़ताल से कंट्रोल दुकानों में लटके ताले




नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 14 सितंबर, का. अपनी विभिन्न महत्वपूर्ण मांगों को लेकर सोसायटियों में कार्यरत सेल्समेन, सहायक समिति प्रबंधक, ऑपरेटर कामकाज बंद कर 8 सितंबर से हड़ताल पर है. हड़ताल से सर्वाधक प्रभावित उपभोक्ता हो रहे है जिनको कंट्रोल दुकाने बंद होने से राशन नहीं मिल पा रहा है. उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.**

गौरतलब है कि म.प्र. सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ की जिला इकाई द्वारा 8 सितंबर से हड़ताल की जा रही है. सहायक समिति प्रभारी के 60 प्रतिशत पद पदोन्नति करने, 2 अक्टूबर 2023 से प्रति विक्रेता 18 महीने का प्रति माह 3000 रुपये के हिसाब से 54000 रुपये मिलना थे जो मात्र 18 जिलों को मिला है. 34 जिलों को अभी भी इस राशि का भुगतान नहीं हुआ जो कि तत्काल किया जाये. राज्य शासन ने कर्मचारियों को बढ़े हुए वेतन का आदेश दिया है. कुछ जिलों में इसका भुगतान हो गया है परंतु राजगढ़ जिले में आज दिनांक तक भुगतान नहीं किया गया है. कर्मचारियों को बड़े हुए वेतन का भुगतान तत्काल किया जावे तथा प्रत्येक उचित मूल्य की दुकान, वन समिति, स्व सहायता समूह एवं उपभोक्ता भंडार पर जो राशन भेजा जाता है उसमें घटती होती है तो उसकी भरपाई के लिए 2 किलो प्रति क्विंटल पर क्षतिपूर्ति राज्य शासन के द्वारा दी जावे.

### राशन के लिए लगा रहे चक्कर

जिले में 140 सोसायटियों के तहत 622 उचित मूल्य की दुकाने है, जिनमें हड़ताल के चलते ताले लटक गये है. इनके सेल्समेन, सहायक समिति प्रबंधक, ऑपरेटर हड़ताल पर है. जिले भर में एक हजार से अधिक कर्मचारी है जो कि हड़ताल पर चले गये है. हड़ताल से सर्वाधिक दिक्कतों का सामना उन उपभोक्ताओं को करना पड़ रहा है जिनको कंट्रोल दुकाने बंद होने से राशन नहीं मिल पाया है. सोसायटी दुकानो से खाद व अन्य कृषि सामग्री का भी वितरण नहीं होने से दिक्कते होंगी. कर्मचारियों द्वारा ब्यावरा स्थित नपा कॉल्पेक्स परिसर में धरना दिया जा रहा है.



# प्रथम आगमन पर जिला इंकाध्यक्ष का भव्य स्वागत

### ब्यावरा, सुठालिया में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 14 सितंबर, सं. कांग्रेस पार्टी के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह रविवार को सुठालिया एवं ब्यावरा पहुंचे जहां उनका कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ आत्मीय स्वागत किया.**

पहले श्री सिंह सुठालिया पहुंचे रास्ते में भी उनका कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया. सुठालिया पहुंचने पर ढोल-ढमाके, आतिशबाजी से स्वागत किया गया. इसी तरह ब्यावरा आगमन पर पुराना बस स्टेण्ड सहित अनेक स्थानों पर मंच सजाकर स्वागत किया. आतिशबाजी, ढोल-ढमाके के साथ पुष्पवर्षा से कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष के नगर आगमन पर शानदार स्वागत किया. इस दौरान इंका नेता, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे.

### तीर्थदर्शन यात्रा में प्रतिष्ठित लोगों के नाम

सुठालिया में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि आर्थिक रुप से कमजोर परिवार के सदस्य निःशुल्क रुप से तीर्थदर्शन कर सके इस उद्देश्य से मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना चलाई है किंतु इसका लाभ पात्र लोगों का न मिलते हुए पैसे वाले प्रतिष्ठित और सक्षम लोग इसका लाभ ले रहे है. उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य से योजना बनाई उसका लाभ पात्र लोगों को नहीं मिल रहा है. खिलचीपुर क्षेत्र सहित जिले भर में हाल में माँ कामख्या देवी धाम जाने वाले जिन यात्रियों की सूची जारी की है उनमें कई प्रतिष्ठित एवं सक्षम परिवार के सदस्य शामिल है. श्री सिंह ने कहा कि यह विडंबना की बात है कि जिन लोगों के लिए योजना चलाई जा रही है वही इसके लाभ से वंचित है.



# रोड निर्माण में दफन हैण्डपम्प नहीं हो पाया जिंदा

## पानी की समस्या पर बिसौनिया जोड़ पर दिया धरना

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 14 सितंबर, का. सुठालिया रोड पर बिसौनिया जोड़ पर मौजूद हेण्डपम्प करीब तीन साल पूर्व रोड निर्माण के दौरान ध्वस्त कर दिया गया किंतु इसके स्थान पर दूसरा हेण्डपम्प या फिर अन्य कोई जल स्रोत की व्यवस्था नहीं की गई जिसके कारण आने-जाने वाले राहगीरों को पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ता है. इस समस्या को लेकर रविवार को आसपास के ग्रामीणों द्वारा बिसौनिया जोड़ पर धरना देते हुए जल्द से जल्द यहां पानी का स्रोत तैयार कर पेयजल की व्यवस्था करने की मांग की गई**

जानकारी के अनुसार बिसौनिया जोड़ के यहां हर दिन बड़ी संख्या में राहगीर बसों व यात्री वाहनों का इंतजार करते है. यहां एक हेण्डपम्प हुआ करता था जिसमें पर्याप्त पानी था.

**कम समय में पहुंचाता ये मार्ग**

बिसौनिया जोड़ से होकर कई गांवों के लिए रास्ता जाता है. इस मार्ग से होकर बीनागंज भी पहुंचा जा सकता है यहां से बीनागंज कम दूरी एवं कम समय में पहुंचा जा सकता है. यही कारण है कि बिसौनिया जोड़ पर काफी आवाजाही रहती है. लेकिन पानी का यहां कोई इंतेजाम नहीं होने से बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.

**दूसरा कोई स्रोत नहीं लगाया -** ग्रामीणों का कहना था कि ब्यावरा से सुठालिया मार्ग का निर्माण होने के दौरान जोड़ पर मौजूद हेण्डपम्प भी रोड के दायरे में आने से ध्वस्त हो गया. निर्माण एजेंसी द्वारा यहां नया हेण्डपम्प लगाने की बात कही थी. परन्तु आज दिनांक तक यहां हेण्डपम्प नहीं लग सका है. जोड़ पर प्रतिक्षालय पर राहगीर रुकते है जिन्हें पानी तक नहीं मिल पाता है. गर्मी के दिनों में पानी नहीं मिलने भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.

# कमलाबाई उपाध्याय का देवलोकगमन



नवभारत न्यूज

**तलेन 14 सितंबर, सं.** तलेन निवासी स्व हरिनारायण उपाध्याय की धर्मपत्नी एवं कैलाशनारायण, शिवनारायण, पत्रकार अवधनारायण उपाध्याय की माताजी श्रीमती कमलाबाई उपाध्याय (बुआजी) का रविवार को स्वर्गवास हो गया है. श्रीमती उपाध्याय काफी सहज, सरल एवं बहुत ही धार्मिक प्रवृत्ति की थी. उनके निधन से मिलने-जुलने वालो में शोक छा गया. शाम को स्थानीय मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया. उनके निवास स्थल मेला ग्राउण्ड के यहां से अंतिम यात्रा प्रारंभ होकर मुक्तिधाम पहुंची. बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, गणमान्य नागरिकों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

### भागवत कथा का समापन

**पड़ाना 14 सितम्बर, सं.** समीप ग्राम मऊ के श्री राम जानकी मंदिर परिसर में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा का महाआरती के साथ समापन हुआ. इस मौके पर लाडसिंह पटेल, किशोर राजपूत, मदनलाल राठी, आनंदीलाल गुप्ता, मेहताब सिंह, मुकेश राजपूत, रमेश राजपूत, विजय शर्मा, राजेश परमार, नर्मदा प्रसाद शर्मा, जगदीश पेंटर, बद्रीलाल मनोहर सिंह, देवानंद आचार्य, जगन्नाथ प्रसाद, राधेश्याम शर्मा, मोहनलाल शर्मा, रामबाबू शर्मा, राजेश सक्सेना, भगवान सिंह, गिरिराज सेन उपस्थित रहे.

# बाल श्रम के खिलाफ कार्यवाही, दो दुकानदारों पर एफआईआर

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 14 सितम्बर, का.** बाल श्रम के खिलाफ वर्षा ऑटो पार्ट्स और बालाजी ऑटो पार्ट्स से दो बच्चे मुक्त कराये व दुकानदार पर एफआईआर दर्ज की गई है.

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका कॉम्प्लेक्स, ब्यावरा में संचालित वर्षा ऑटो पार्ट्स और बालाजी ऑटो पार्ट्स दुकानों पर शनिवार को संयुक्त टास्क फोर्स टीम द्वारा छापा मारा गया. इस कार्रवाई में दो नाबालिग बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया.

जांच के दौरान दोनों दुकानों में नाबालिग बच्चों से बाइक की सर्विसिंग का कार्य कराया जा रहा था. जो कि बाल श्रम अधिनियम के स्पष्ट उल्लंघन की श्रेणी में आता है. मौके पर दोनों बच्चों को मुक्त कराते हुए तुरत बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया.



एवं दुकानदार के विरुद्ध स्नङ्कक्र दर्ज की गई है. बाल श्रम अधिकारी सौरव कुमार गुप्ता, लेबर इंस्पेक्टर मनोज चौहान, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी से एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन परियोजना समन्वयक रजनी प्रजापति, चाइल्ड ट्रैफिकिंग समन्वयक निकिता मेवाडे, विशेष पुलिस ईकाई रमेश चन्द भिलाला, बाल कल्याण समिति सदस्य रिंकु सुनेरी, महिला एवं बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक सरोज पाटिल, सीटी थाना ब्यावरा पुलिस, नीति आयोग डीपीए लक्ष्मण भागमल मौजूद रहे.



# बदहाल रास्ते से मुक्तिधाम पहुंची अंतिम यात्रा

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 14 सितंबर, सं. स्थानीय माली मोहल्ला में स्थित मुक्तिधाम का रास्ता कचरे, गंदगी से पूरी तरह पटा हुआ है. किसी अंतिम यात्रा के दौरान भारी दिक्कतों का सामना नागरिकों को करना पड़ता है. ऐसे ही हालातों के बीच से होकर अंतिम यात्रा मुक्तिधाम तक पहुंचती है.**

रविवार माली मोहल्ले में निवासरत किशनलाल पुष्पद का लगभग 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया. उनकी शवयात्रा माली मोहल्ले के सामाजिक मुक्तिधाम पर पहुंची. परन्तु रास्ता काफी बदहाल होने से काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा. दिक्कतों के बीच अंतिम यात्रा मुक्तिधाम तक पहुंची. मजबूरन गंदगी भरे रास्ते से होकर अंतिम यात्रा को ले जाना पड़ा.

गौरतलब है कि मोहल्ले में सफाई अभियान के तहत ट्रेक्टर तक नहीं पहुंच पाता है. बदहाल रास्ते एवं साफ-सफाई के अभाव में काफी मुश्किलों का सामना नागरिकों को करना पड़ रहा है.

# गौवंश की दुर्दशा पर ब्लॉक कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा



**सुठालिया 14 सितंबर, सं.** रविवार को ब्लॉक कांग्रेस द्वारा गौवंश की हो रही दुर्दशा तथा अन्य समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया. ब्लॉक कांग्रेस द्वारा नवागत जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में गौवंश की हो रही दुर्दशा, नगर पंचायत में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए बीमा वितरण में कई अनियमितताएं, सोयाबीन की खराब हो गई फसलों का सर्वे करने की मांग सहित अन्य समस्याओं को लेकर तहसीलदार दोजीराम अहिरवार को ज्ञापन सौंपा गया.

### कृष्ण ने प्रेम भक्ति को सिखाया

**जीरापुर 14 सितम्बर, सं.** सोनी समाज महिला मण्डल के द्वारा अटल चौक में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में पं. अनुराग शर्मा ने बताया भगवान कृष्ण ने रासलीला करके प्रेम भक्ति मार्ग पर चलना सिखाया. रास कथा जो व्यक्ति सुनता है उसके जीवन में कभी अमंगल नहीं होता है कथा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल होकर कथा श्रवण कर रहे.

# शा .स्कूल के छात्र राज्य स्तर पर दिखायेंगे अपनी प्रतिभा



**पड़ाना 14 सितम्बर, सं.** शासकीय माध्यमिक विद्यालय पाड़किया स्कूल में अध्यनरत छात्र- हरिओम नगर एवं हर्षिता गुर्जर का मोगली बाल महोत्सव के तौर पर राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है. अब ये राज्य स्तरीय मोगली बाल महोत्सव में भाग लेंगे. जो पेंच नेशनल पार्क सिवनी में आयोजित किया जाएगा. इस मौके पर विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी.

**दुष्प्रभाव** हजारों की संख्या में नजर आने वाले कौए आखिर गये कहां ?

# श्राद्ध पक्ष में ढूंढे से भी नहीं मिल पा रहे कौए

### कौओं की घटती संख्या के पीछे कई कारण सामने


नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 14 सितंबर, का.** श्राद्धपक्ष में पूर्वजों को याद करते हुए तर्पण कर कौओ को भोजन कराने की मान्यता रही है. इसका काफी महत्व माना जाता है किंतु इस बार श्राद्धपक्ष में कौए नजर तक नहीं आ रहे है जो कि एक गंभीर चिंता का विषय है. जानकारों के अनुसार कौओ के विलुप्त होने के पीछे पर्यावरण को पहुंच रही क्षति तथा आधुनिकता की दौड़ में मशीनी उपकरणों से निकलने वाली घातक किरणों के दुष्प्रभाव से होने वाला नुकसान कौओ की विलुप्तता के पीछे एक कारण देखा जा रहा है.

एक समय ग्रामीण क्षेत्रों ही नहीं कस्बे, नगर, गली-मोहल्लों में कौओं की आवाज हर दिन सुनाई देती थी. श्राद्धापक्ष में तो हर घर की छत, आंगन में कौओं का जमघट लगा रहता था. हजारों की संख्या में कौए नजर आते थे.

**अन्य कारण भी जिम्मेदार**

जानकारों के अनुसार कौओ की चिंताजनक घटती संख्या के पीछे अन्य कारण भी बताए जाते है. मोबाइल टॉवर से निकलने वाली रेडिएशन कौओं के दिमाग पर काफी दुष्प्रभाव डालती है जिससे इनको शारीरिक नुकसान के साथ ही यह रास्ता तक भटक जाते है. वहीं खुले में पड़ी रहने वाली सामग्री से भोजन तलाशने में कई बार यह प्लास्टिक एवं प्रदूषित खाना खा लेते है जो इनकी मौत तक कारण बन जाता है. पहले अधिकांशत: लोग बची खाद्य सामग्री को घर के बाहर, छत आदि जगह डाल देते थे जिसको कौऐ खा लेते थे किंतु अब यह भी बंद हो चला है खाद्य सामग्री को भी डस्टबिन में डाल साथ ही भोजन बाहर या छत पर डाल देते थे जो अब बंद सा हो गया है अब डस्टबिन में ही खाद्य सामग्री डाल देने से कौओं का यह भोजन भी बंद हो गया. इस तरह और भी अन्य कारण है जिनके चलते कौओं की संख्या में चिंताजनक कमी देखी जा रही है. जानकारों का तो यहां तक कहना है कि समय रहते यदि कौओं के संरक्षण हेतु उचित कदम नहीं उठाए गये तो आने वाले समय में कौओं की संख्या न के बराबर बच पाएगी.



### पेड़ कटने से रहवास खत्म

प्रायः कौओं सहित अन्य पक्षी अपने रहने के आवास (घोंसले) पेड़ों पर बनाते है जबकि तेजी के साथ पेड़ों को काटकर कॉलोनियों विकसित की जा रही है. साथ ही रहवासी क्षेत्रों में मौजूद पेड़ो की भी निर्माण कार्य या अन्य कारणों के चलते काटा जा रहा है इससे कौओं का आबादी वाले क्षेत्रों में रहवास खत्म सा हो रहा है यह भी एक कारण है कि जब रहवास ही नहीं होगा तो उस क्षेत्र में कौओं की उपस्थिति फिर कैसे होगी.

# करंट की चपेट में आया युवक, मौत

## 8 दिन पहले जमीन बेचकर रोजगार के लिए खरीदा था रोलर



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 14 सितम्बर, का.** नगर के बाराद्वारी निवासी 25 वर्षीय युवक की 11 केव्ही लाईन की चपेट में आने से मौत हो गई. घटना के वक्त युवक अपना निजी रोलर वायब्रेटर पानी के पाईप से धो रहा था उसी दौरान पानी की बौछार 11 केव्ही लाईन के तारों को छू गई और युवक करंट की चपेट में आ गया. युवक को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. युवक की मौत से शहर स्तब्ध है. घटना शाम करीब साढ़े 5 बजे बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार युवक साजन पिता हुसैन खान उम्र 25 वर्ष निवासी बाराद्वारी नगर के आरोग्य अस्पताल के समीप वाहन धोने की दुकान पर अपना रोलर धो रहा था. उसी दौरान यह हादसा हुआ.

जानकारी के अनुसार युवक ने यह रोलर अपनी जमीन बेचकर काम धंधे के लिए खरीदा था. वह स्वयं इसे चलाता था. करीब 8 दिन पहले ही वह यह रोलर लेकर आया था. उसके पिता भी स्थानीय स्तर पर ठेकेदारी का काम करते है. लेकिन बदकिस्मती से उसके साथ हादसा हो गया. युवक की गत वर्ष शादी हुई थी. युवक सामान्य परिवार से ताल्लुक रखता है.